श्रीगुरुचरणकमलेभ्यो नमः ।

शकुन्तला उपाख्यान

श्रीयुत कविकुलकमलप्रभाकर

कालिदासविरचित

जिसको

निवाज कवि ने अनेक मनोहर छंदों में

संस्कृत नाटक से उल्था किया ।

और अब

चौधरी अयोध्याप्रसाद व पंडित लालमन

की आज्ञा से

भारतजीवनाध्यक्ष बाबू रामकृष्णवर्म्मा

ने रसिकजनों के विनोदार्थ प्रकाशित किया ।

॥ बनारस ॥

भारतजीवन यन्त्रालय में मुद्रित हुआ ।

सन् १९०४ ई० ।

दूसरीवार १०००]   [मूल्य चार आना ।

श्रीराधाकृष्णाभ्यां नमः।

कथाप्रारम्भ

काव्यबद्ध

शकुन्तला दुष्यन्त के गान्धर्व विवाह के विषय में।

——o——

सवैया

एक समय मुनिनायक कौसिक कानन जाय महा तप कीन्हों।
देह कों दीन्हों कलेश महा मिटि मेष गयो न परे कुछ चीन्हों ॥
वासर नेम कियों हो निवाज, निरंजन के पद मैं चित दीन्हों।
साधिके जोग को आसन यों इँन्द्रासन इन्द्र को चाहत लीन्हों ॥
न्हैवे कों तीरथ कोऊ बचो न फिर्यो सिगरीं सरतानिके कूलनि ।
चारि हू आगिके बीचमें बैठि सह्यो सविता सनताप के सूलनि॥
धूम को पान समान कियो पग ऊरध बांधि अधोमुख झूलनि।
चौसठि साल बिशाल ऋषीश्वर खाइ रह्यो बनके फल फूलनि ॥

घनाक्षरी छन्द।

धूप के दिननि हेरै सनमुख सूरज सों चाहे अरु प्रबल अनल वारिधरि कें। जाड़े के दिननि यों रहत जल माही बैठि रहत नदी में जों गरे लों जल भरि कें। देखि विस्वामित्र को विसाल नेम संयम यों अति ही सुरेस सो सरक

भयो डरि कें। मैंन को प्रपंच करिबे कों मघवा ने तब मेन-का बुलाई सनमान बड़ो करिकें ॥ १० ॥

दोहा।

आदर देखि सुरेस को हरखति हृदयो खोलि।
या विधि तब मघवान सों उठी मेनका बोलि ॥

घनाक्षरी छन्द।

और की कहा हैं ब्रह्म हरि हर रुद्र कों जो कहो तो मनमथ बस काम करि आऊं सो। मेरे महा मोह में ठहरि सके छिन भरि ऐसो तिहुंलोक में न जोगी ठहराऊं सो। विस्वामित्र जू को जप तप नेम संयम घरी में खोइ आऊं नेक आयसु करि पाऊं सो। मुनि के जो मन मीनकेतु ना नचाउँ महाराज को दुहाई मैं न मैंनका कहाऊं सो॥ १२॥

छप्पै।

गहि कर बीन प्रवीन निपट परवीन पियारी।
चढ़ि बिमान असमान लोक तें भूमि सिधारी ॥
सोरह करि शृंगार पहरि द्वादश आभूषण।
लखत अंग की जोति गये छिपि शशि अरु पूषण ॥
तप भंग करन की बेलि सी फुरसति सी फूली फली।
मूरति बनाइ निज मोहनी मुनि के मन मोहन चली ॥१३

हरिगीत छन्द।

सुखि चन्द की नहिं होति अब लखि जोति जा मुखचन्द को।
लखि चरण कर सुखमा भजी सुखमा सरोरुह चन्द को ॥

लखि नैन जाके ललित खञ्जन मीन अरु मृगनैनको।
मुनि मैन के बस करन कों उतरी तपोबन मैनको ॥ १४ ॥

हरिगीत छन्द।

फहरात चंचल नैन कंचल निपट लचकत फंफ तें।
करत विविध कटाच्छ अलपत राम ऊंचे सुरन तें॥
सुनि राग की मृदु सुरनि धुनि दृग खोलि दीन्हें ध्यान तें।
छवि लखत लूट्यों तप जु छूट्यो छुट्यो रिषि तप ग्यान तें॥ १५॥

चौपाई।

मार्‍यो मन्मथ साधि सरासन।
छोड़ि दियो मुनि जोग को आसन॥
जप तप संयम धरम नसायो।
मोहि मेनका के ढिग आयो॥
अङ्ग अङ्ग सों आनि लगायो।
जोग किये को फल मनु पायो॥
एक मुहूरत के सुख कारन।
खोयो तप्‍ु करि वर्ष हजारन॥
पोछे निपट बहुत पिछतानो।
वा बन तें मुनि अनत परानो॥
गर्भ मेनका कोन्हों धारन।
तब सो मन में लगी विचारन॥
नर गरभहि लै कें जो जाऊँ।
तो सुरपुर महँ पैठि न पाऊँ॥

भई सुता नौ मास भये जब ।

गई मेंनका सुरपुर को तब ॥ १६ ॥

सवैया ।

धर छोरि सुता कों गई सुरलोकहिँ दूध पियायो न एक घरी ।
यह जानि कें मानस को जनमो कछु मैनका नेकु दया न धरो ॥
कुलमांहि न कोऊ जो राखे कहूं वह काहेकों धौं करतार करो ।
सुधि लेवे कों कोऊ नहीं सँग में वन सूने शकुन्तला रोवै परी ॥

सवैया ।

न्हैवेकों जाय कढ़यो तिहि मारग देखिकैं कन्व कृपा अति कीन्हो ।
देव कि दानव के नर को किधौं नागकी है न परै कछु चीन्हो ॥
सुन्दर ऐसी सुता किहि कारन कोवन में गहि डारि धौं दीन्हो ।
रोवै अकेली परी वन में ऋषि आय उठाय शकुन्तला लीन्हो ॥

दोहा ।

लीन्हे सुता शकुन्तला कलपत आश्रम आय ।

कह्यो गौतमी बहनि सों याकों देहु जिवाय ॥ १८ ॥

छप्पै ।

सुन्दर गात निहारि गौतमी गरैं लगाई ।
आयुर्बल तें जिअत नहीं करि जतन जिवाई ।
करैं कृपा ऋषि बहुत सबै सब के मन भाई ।
सकल तपोवन मांहि कन्व की सुता कहाई ॥
दिन दिन कन्या बढ़त प्रभा छबि अंग अंग फैलन लगी ।
गहि बाह सखिनि के संग मै द्रुमनछांह खेलनलगी ॥२०॥

दोहा ।

शकुन्तला संग दुइ सखी रहतीं आठो जाम ।
इक अनसूया नाम अरु प्रियंवदा इक नाम ॥ २१ ॥

सवैया ।

बैस मैं तीनों समान सखीं दिन ह्वं दिन तीनहुँ प्रीति बढ़ाई ।
प्रान तिहूंन के ह्वै रहे यों इक देह मैं तीन हु देह दिखाई ॥
शोभा तिह्नन के अंगनि की कवि केती कहै बरनी नहिं जाई ।
राखी तिह्नन के अंगनि में विधि तीनहु लोक की सुन्दरताई ॥

सवैया ।

काम कमान चढ़ाइ मनो जब ही कस्कि कैं कहुँ भौंहनि फेरैं ।
बात कहै हँसि कैं जब हीं तब श्रौननि माहिं सुधा सो निचोरैं ॥
जा मग ह्वै के धरै पग ता मग आनि अनंग अगारू ह्वै दौरैं ।
सुन्दर हैं वह तीनों सखीं पै शकुन्तला की छवि है कछु औरैं ॥

दोहा ।

कछुक दिनन में कन्व मुनि बन तें कियो पयान ।
आश्रम राखि शकुन्तला तीरथ चल्यो नहान ॥ २४ ॥

सवैया ।

कछुखेवेकोमागोचहोंजबही तब हीं तुम गौतमीसौंकहियो ।
रिषिआवैजोकोऊ इतैतिहिकौंकरिआदरपाइनको गहियो ॥
यह सीख शकुन्तले दै जु गयो ह्वै उदास कछू करियो न हियो ।
कछू द्यौसनिमें फिरिआवतु हौं तबलौं तुम आनँदसौं रहियो ॥

चौपाई ।

लागी रहन बाग बिच बन मैं ।
भई उदासी कछुक दिनन मैं ॥
आश्रम कोउ अतीत जो आवै ।
ताकों आदर निपट दिवावै ।
पासहि के तंदुल गहि लावै ॥
मृगछौननि कों आनि खवावै ।
पानी भरि मूलनि ढरकावै ॥
छोटे छोटे द्रुमनि बढ़ावै ।
सोई करै जो यह कछु भाखै ।
जिय तें अधिक गौतमी राखै ॥
शकुन्तला को सुख बहु चाहति ।
दोऊ सखियन संग में राखति ॥
बालवैस बहु द्यौस बिताई ।
झलकनि लगी कछुक तरुनाई ॥ २६ ॥

घनाक्षरी ।

बिसरन लागो बालापन को अयानपन सखि सों स-यानप की बतियां गढ़न लगी । दृग लागे तिरिछानि चालै पग मन्द लागी उर में कछुक उसांसे सी चढ़न लगी ॥ अंगनि में आई तरुणाई की झलक लरिकाई अब देह तें हरें हरें कढ़न लगी । छीन लागी कटि या बचटि कें छला सी द्वैज चन्द्र की कला सी तन दीपति बढ़न लगी ॥ २७ ॥

चौपाई ।

बनहूं में नहिं दुरति दुराई ।
शकुन्तला की सुन्दरताई ॥
जनु विरंचि कर आपु बनाई ॥
देखे तें मन सुधा सिराई ॥
वह उपमा बरनी नहिं जाई ।
पूर्व कथा भारत में गाई ॥ २८ ॥

घनाक्षरी ।

मृगन के चर्म ही को पहिरैं दुकूल और भूषन कहा है न मरे में जाके पोति है । तौऊ जाके अंग अंग रूप के तरंग उठें सुन्दर अनंग मानो अंगनि की सोति है ॥ देह में नेवाज ज्यों ज्यों जोवन बढ़त जात त्यों त्यों हरि दिननि बढ़त जात जोति है । छिन और देखिये घरी में कछु औरे और छिन छिन घरी घरी औरै दुति होति है ॥ २९ ॥

दोहा ।

सुन्दर वैसो बर मिले शकुन्तला ज्यों आप ।
करिहैं ताको व्याह यह करो प्रतिज्ञा बाप ॥ ३० ॥
लागी रहे शकुंतला बन में यह परकार ।
एक समय दुष्यन्त नृप खेलन कढ़्यो शिकार ॥ ३१ ॥

घनाक्षरी ।

रथ असवार दौरे देखि के शिकार नृप कीन्हों श्रम

इतनों न जाको कछु माप है। दिन चढ़ि आयो बढ़ि बढ़ि अति दूरि पै न पायो तोऊ यातें चढ़ि आयो तन ताप है॥ जाय नजकानि घोड़े पौन के समानै दौड़े बान सों मिलाय खैंचि कान लगि चाप है। आगे तें हरिन भागो ताके नृप संग लागो पीछे सब सैना पीछे हरिना के आप है॥ ३२॥

सवैया।

ठोंक लगाय करेरो कमानमें कान लों खैंचि लियो सर साध्यो।
चोट करै जब लों तब लों ऋषि लोगन दूरि तें आनि पुकार्‌यो॥
रच्छा ऋषीश्वर लोगन की करिवे कों भयो अवतार तिहारो।
हाहा रहो महाराज हमारे तजो बन को मृग है मत मारो॥

चौपाई।

रिषि लोगन यह टेर सुनायो।
मृग पर नहिं नृप बान चलायो॥
बागें गहि रथ ठाढ़ो कीन्हो।
आशिर्बाद ऋषिन तब दीन्हो॥
करि प्रणाम नृप पूछी यह तब।
कहो कन्व को आश्रम कहँ अब॥
आज पापपुंजनि परिहरें।
मुनिवर को चलि दरशन करें॥
यह सुनि ऋषिन बहुत सुख पायो।
आश्रम निपट नगीच बतायो॥

महाराज अब कछु दिन भये ।
तीरथ करन कन्व मुनि गये ॥ ३४ ॥

शकुन्तला बेटी करि पली ।
सौंप्यो ताकँह आश्रम खाली ॥

जो महाराज वहां लगि जैहैं ।
यह सुनि कन्व महा सुख पैहैं ॥

तीरथ न्हाय जबै मुनि अइहैं ।
शकुन्तला तासों पुनि कहिहैं ॥

यह सुनि वचन नृपति मन बैठ्यो ।
रथ तें उतरि तपोवन पैठ्यो ॥ ३५ ॥

रथ सारथी समेत टिकायो ।
आश्रम निकट आपु चलि आयो ॥

दच्छिण बाहु लगो तब फरकन ।
प्रफुलित भयो महीपति को मन ॥

कछुक दूरि आगे जब आयो ।
सगुन भयो ता कर फल पायो ॥

अद्भुत रूप वैस में नईं ।
बाला तीन नजर परि गईं ॥

शीत बात तें नहिं कछु डरैं ।
सब आश्रम की सेवा करैं ॥ ३६ ॥

हरिगीत छन्द ।

सेवा न आश्रम की तजैं अति अमित ह्वै ह्वै आवतीं ।
कोमल कमल से करनि सों क्यारी नवीन बनावतीं ॥

इतनों न जाको कछु माप है। दिन चढ़ि आयो बढ़ि बढ़ि अति दूरि पै न पायो तोऊ यातें चढ़ि आयो तन ताप है॥ जाय नजकाने घोड़े पौन के समाने दौड़े बान सों मिलाय खैंचि कान लगि चाप है। आगे तें हरिन भागो ताके नृप संग लागो पीछे सब सैना पीछे हरिना के आप है॥ ३२॥

सवैया।

ठोंक लगाय करेरो कमानमें कान लौं खैंचि लियो सर साध्यो। चोट करे जब लों तब लों ऋषि लोगन दूरि तें आनि पुकार्यो॥ रच्छा ऋषीश्वर लोगन को करिवे कों भयो अवतार तिहारो। हाहा रहौ महाराज हमारे तजो बन को मृग है मत मारो॥

चौपाई।

रिषि लोगन यह टेर सुनायो।
मृग पर नहिं नृप बान चलायो॥
बागें गहि रथ ठाढ़ो कीन्हो।
आशिर्बाद ऋषिन तब दीन्हो॥
करि प्रणाम नृप पूछी यह तब।
कहो कन्व को आश्रम कहँ अब॥
आज पापपुंजनि परिहरें।
मुनिवर को चलि दरशन करें॥
यह सुनि ऋषिन बहुत सुख पायो।
आश्रम निपट नगीच बतायो॥

महाराज अब कछु दिन भये।
तीरथ करन कन्व मुनि गये॥ २४॥
शकुन्तला बेटी करि पली।
सौंप्यो ताकँह आश्रम खाली॥
जो महाराज वहां लगि जैहैं।
यह सुनि कन्व महा सुख पैहैं॥
तीरथ न्हाय जबै मुनि अइहैं।
शकुन्तला तासों पुनि कहिहैं॥
यह सुनि बचन नृपति मन बैठ्यो।
रथ तें उतरि तपोबन पैठ्यो॥ २५॥
रथ सारथी समेत टिकायो।
आश्रम निकट आपु चलि आयो॥
दच्छिण बाहु लगो तब फरकन।
प्रफुल्लित भयो महीपति को मन॥
कछुक दूरि आगे जब आयो।
सगुन भयो ता कर फल पायो॥
अद्भुत रूप बैस में नईं।
बाला तीन नजर परि गईं॥
शीत बात तें नहिं कछु डरैं।
सब आश्रम की सेवा करैं॥ २६॥

हरिगीत छन्द।

सेवा न आश्रम की तजैं अति अमित ह्वै ह्वै आवतीं।
कोमल कमल से करनि सों क्यारी नवीन बनावतीं॥

सिगरो तपोवन सींचिवे कों सलिल श्रम करि ल्यावतीं ।
छोटे द्रुमन के तटनि भरि भरि घटनि को ढुरकावतीं ॥२७॥

हरिगीत छन्द ।

सींचति द्रुमन के थकि गईं तन रह्यो श्रमजल छाय है ।
अति सिथिल सब अँग ह्वै गये डगमगति धरतीं पय है ॥
खुलि केस पास रहे बिथुरि भरती उसांस अनन्त हैं ।
तीनों सखीं यों सोहतीं मानों भये सुरतन्त हैं ॥
बिच द्रुमन के ह्वै जाति बाहर निकसि जोबन की छटा ।
खुलि गये कच यों तड़ित हू पर गिरि परो मनु घन घटा ॥
सिगरे तपोवन में लसति यों गगन में ज्यों शशिकला ।
यह रूप सों श्रम मुनिन के सो करत बस शाकुन्तला २८॥

घनाक्षरी छन्द ।

बानी कहिये तो वह बीन को लिये हो रहे गोरी तो गिरीस अरधङ्ग में लगाई है । कमला न कान्ह के हिये तें उतरति अरु रमा के सरूप में न एतो अधिकाई है ॥ रति कहिये तो या विरोध अति हो है अरु याके तो अजों लगि कछुक लरिकाई है । फेरि फेरि बेरि लगि हेरि हेरि हार्यो नृप जानि नाहि परो यह को है कहां आई है ॥ २९ ॥

घनाक्षरी छन्द ।

निरखि शकुन्तला को नख सिख रीझि रह्यो आपु तो महीपति निछावरि सो कीन्हो सो । भयो है अचम्भो रति-

रह्यो है न ऐसो भास रूप को बखान को भयो है बुधि-हीनो सो ॥ कहत नेवाज सोभासिन्धु में समाने नैन मन जनु मैन के हवाले करि दीन्हो सो । बाढ़्यो उर प्रेम गहि चित्र लिखि काढ़्यो मनो ठाढ़्यो नृप ह्वै रह्यो ठगो सो मोल लीन्हो सो ॥ ४० ॥

दोहा ।

शकुन्तला को रूप लखि सुफल भये नृप-नैन ।
श्रवन सुफल चाहत भये सुनि सुनि मीठे बैन ॥४१॥
सघन द्रुमन की ओट ह्वै दृग निमिख बिसराय ।
दुरें दुरें देखन लगो शकुन्तला के भाय ॥ ४२ ॥

चौपाई ।

राजहिँ ये देखहि नहिं कोऊ ।
पूछन लगीं सहेली दोऊ ॥
शकुन्तला जो सींचत जेते ।
मुनि के द्रुम प्यारे कहि तेते ॥
मुनि कों तो प्रानन तें प्यारो ।
करो द्रुमनि को सींचनि हारो ॥
बिधि अतिही सुकुमारि सम्हारो ।
श्रमलायक नहिं देह तिहारो ॥ ४३ ॥

चौपाई ।

बतकहाव यों सखियन कीन्हो ।
शकुन्तला यह उत्तर दीन्हो ॥

ये द्रुम जे सब देत दिखाई।
मैं जानति येहो मम भाई॥
मुनि के कहें नहीं मैं सींचति।
मोहि मया लागति इनकी अति॥
हरिन-चर्म की पहिरें आंगी।
कसि बँधि गई गड़न उर लागी॥
कर सों अँगिया खुलत न खोली।
अनसूया सो तब यों बोली॥
प्रियम्बदा कसि बाँधो छतियां।
अनसूया ढीली कर अँगिया॥
अनसूया हँसि अंगिया खोली।
प्रियंवदा तब रिस करि बोली॥
उकसति आवै छिन छिन छतिया।
याते गाढ़ो ह्वै गई अँगिया॥
बढ़त जात जोवन की लीला।
नाहक मेरो करतीं गीला॥
शकुन्तला सुनि के सरमानो।
सींचन लगी द्रुमन भरि पानी॥ ४४॥
अलि इक छोड़ि कुसुंभ उड़ानो।
शकुन्तला मुख पर ठहरानो॥
सुमुखि-सुगन्ध पाय करि मधुकर।

बैठ्यौ जाय मधुर अधरन पर ॥
समकि हाथ तब हीं झहरायो ।
उड़ि अलि गयो फेरि फिरि आयो ॥
शकुन्तला ह्वां ते टरि आई ।
पीछे भ्रमर लगो दुखदाई ॥
शकुन्तला पुनि जित जित डोले ।
तिति तित भ्रमर गुंजरत बोले ॥
राजा निरखत मन अनुरह्यो ।
मन मन मधुकर सो अस कह्यो ॥ ४५॥

घनाक्षरी छन्द ।

ओठन समोप आन गुंजतओ मड़रात मानो बतकही की लगावत लगन हो । चंचल दृगनि की पलनि करी छोभित हूं छुओ फिर आनि कर कपोल फलकन हो ॥ प्यारी सस-कनि झहरावति करति तुम उड़ि उड़ि बैठत पियत अधरन हो । दुरि दुरि दूरि ही ते देखत खड़े रहत मानो हम कीने काज मधुप तुम धन्य हो ॥ ४५ ॥

चौपाई ।

शकुन्तला केतो कछु करै ।
सँग तें मधुप न टार्‌यो टरै ॥
बन में मधुकर बहुत सताई ।
शकुन्तला यह टेर सुनाई ॥

सखियेहु मोढिग अरबर आवहु ।
या पापो तें मोहिँ छुड़ावहु ॥
काटत आय टरत नहिं टारैं ।
होतु नाहि कछु हाथन झारैं ॥
निरखि सखिन यह हास बढ़ायो ।
हम कों तो बिन काज बुलायो ॥
या गनीम सों आनि बचावे ।
नृप दुष्यन्तहि वेगि बुलावे ॥
तब नृप निकसि द्रुमन तें आयो ।
कह्यो कहो किह तुमहि सतायो ॥
निरखि नृपहि बिन मोल बिकानो ।
तीनों छकीं डरीं अकुलानो ॥
ठाढ़ीं रहि न सकीं नहिं डोलें ।
जकि सों रहीं कछू नहिं बोलें ॥
अनसूया तब मन दृढ़ कीन्हो ।
महाराज कों उत्तर दीन्हो ॥ ४७ ॥

घनाक्षरी ।

जाके तेज होत न अनीति कहूं नीति कहो पानी एक घाट में पियत सिंह गाय है । जप तप करत सबै तपसी निर्भय तपो बन में दानव सकत नहिं आय हैं॥ काहू न सताई यह भोरो सो शकुन्तला उड़ि के सो भमरो भाजो भौन को

डराय है। अति ही अभीत महाराज श्री दुष्यन्त ताके राज में रिषिन कौन सकत सताय है॥

दोहा ।

शकुन्तला सों ताकि तब पूछो यह महिपाल ।
कहो तिहारे कुशल हैं छोटे द्रुम मृगबाल ॥
कम्प बढ़्यो तन कंटकित मुख तें कढ़त न बैन ।
जकि सी रही शकुन्तला निरखि नृपति भरि नैन ॥५०

चौपाई ।

शकुन्तला कों बोलि न आयो ।
अनसूया यह नृपहि सुनायो ॥
क्यों न होय अब कुशल हमारो ।
तुम से साधु करत रखवारो ॥
प्यादें श्रम करि तुम ह्यां आये ।
श्रमजलकन आनन में छाये ॥
शीतल छांह सघन तरु डारें ।
बैठो इत हम पांय पखारें ॥
लखे भाग्य तें चरन तिहारें ।
आजु दिवस तुम अतिथि हमारे ॥
शकुन्तला क्यों भई अयानो ।
ल्याउ पियन को शीतल पानी ॥
तब नृप बैन मैंन-रससाने ।
देखत हीं हम तुम्हें अघाने ॥

मधुर मधुर कहती तुम बानी ।
यहै हमारी है मिजमानी ॥
तुम हूं थकीं सलिल के सींचे ।
बैठो घरिक द्रुमनि के नीचे ॥
तब बोली अनुसूया बांकी ।
बिहँसति शकुन्तला को ताकी ॥
अद्भुत आज अतिथि जो आये ।
सिगरे कहत वचन मन भाये ॥
इन कर डर न कछुक मन आनो ।
इन कों कहो उचित कै मानो ॥
यह सुनि शकुन्तला छाया में ।
बैठी मोहि नृपति माया में ॥
शकुन्तला के हिय में पैठ्यो ।
छितिपालौ छाया में बैठ्यौ ॥ ५१ ॥

घनाच्छरी छन्द ।

भागन तें बन में दुहुन भटभेरी भयो खोलो भगवान आज दुहुन को भालु है । दोऊ दुहूं देखत अघात न धुन नई लगन को दुहुन कें साल्यो उर साल है ॥ मन में दुहुन के मनोज बान लागे संग एकै रंग दुहुन को भयो एक हाल है । हिये में महीप के शकुन्तला समानो सो शकुन्तला के हिये में समानो महिपाल है ॥ ५२ ॥

चौपाई ।

दोऊ सखी दोहुन निहारें ।
कोटि काम रति की छवि वारें ॥
शकुन्तला करि नैन लजौहैं ।
निरखति नृप कों तकि तिरछौहैं ॥
नृप मुख तें यह बचन निकारो ।
भलो बनो संयोग तिहारो ॥
एकै रूप बैस एकै हो ।
देहैं तीनि प्रान एकै हो ॥
या सुनि नृप की कछू न बोली ।
अनुसूया फिरि नृप सों बोली ॥
धनि यह देश जहां तुम आये ।
विघ्न होत ऋषि यज्ञ बचाये ॥
देव गन्धरव के मनमथ हो ।
चले पियारे क्यों यह पथ हो ॥
करहु कृपा संदेह मिटाओ ।
नाम आपनो हमें बताओ ॥
तब नृप आपुन भेद छिपायो ।
कह्यो हमें दुष्यन्त पठायो ॥
यह खिदमत करि देइ हमारो ।
ऋषि लोगन की बन रखवारी ॥

फिरत तपोबन में निशिबासर ।
नृप दुष्यन्त क हौं मैं चाकर ॥
कहि ये बचन महीप चुपाने ।
अनसुय्या पुनि उत्तर ठाने ॥
अब ऋषि सर्व सनाथ कहाये ।
तुम से साधु तपोबन आये ॥
भलो आनि तुम दरसन दीन्हों ।
हम लोगन किरतारथ कीन्हों ॥
बतरस में अति हो सुख पायो ।
फिरि महीप यह बचन सुनायो ॥
शकुन्तला यह सखी तिहारी ।
विधि अतिही सुकुमारि सम्हारी ॥
मुनिवर याहि व्याहि कहु दैहैं ।
कै अब यासों तप करवैहैं ॥
याको अंग न है तप लायक ।
कहा बिचार कियौ मुनिनायक ॥
तब अनसूया उत्तर दीन्हो ।
कन्व महामुनि यह प्रण कीन्हों ॥
शकुन्तला सम सुन्दर ह्वै है ।
करिहां शकुन्तला जो कहि है ॥
ऐसो बर काहू लखि पैहों ।
तब हीं याहि व्याहि तहँ दैहों ॥

अनसूया यह कही कहानी ।
शकुन्तला सुनि कें सरमानी ॥
यह सुनि कें बोल्यो अवनीपति ।
शकुन्तला को लखि तन दीपति ॥
पहिलें बात विचारि न लीन्ही ।
मुनि यह कठिन प्रतिज्ञा कीन्ही ॥
शकुन्तला जैसी है सुन्दर ।
कहो कहां मिलि है वैसो बर ॥
ढूंढ़ि जगत मुनिवर फिरि अइ है ।
शकुन्तला अनब्याही रहि है ॥
तब अनसूया फिरि हँसि बोली ।
खानि चतुरता की मनु खोली ॥
जब बिरंचि नीके दिन ल्यावत ।
मनबांछित बैठें घर आवत ॥
तुम से साधु कृपा उर धरिहैं ।
सुफल प्रतिज्ञा मुनि की करिहैं ॥
नृप जब पाई सुनि यह बानी ।
शकुन्तला अति ही सरमानी ॥
प्रियम्वदा बिहँसति आनन में ।
शकुन्तला के लगि कानन में ॥
कही आज जाती तुम व्याहीं ।
करिये कहा कन्व घर नाहीं ॥

शकुन्तला भरि नैन लजाही।
लखति तिरीछे फिरि फिरि जाही॥
राजा शकुन्तला पर अटक्यौ।
राजहि ढूंढ़त सब दल भटक्यौ॥
आई फ़ौज निकट बज मारौ।
बन मैं शोर भयो अति भारौ॥

सवैया।

घोरनिको खुर थारनि कौं रज सों सिगरो नभमण्डल छायो।
जंगली जीवनि घेरिवे कौं चहुं ओर करोलनि को गनु धायो॥
खेलत फ़ौज समेत शिकार नजीक दुष्यन्त महीपति आयो।
रे मृग आपने आपने बांधहु यों ऋषिलोगन शोर मचायो॥

चौपाई।

सुनि यह शोर सबै अकुलानी।
धक धक धरनि मुखनि कुम्हिलानी॥
करन न पाए नृप यह लीला।
मन मन करत फ़ौज को गीला॥
अनसूया भै-रस सों सानी।
यों कहि उठी नृपति सों बानी॥
कंपन लागो डर सों छाती।
अब हम सब आश्रम कौं जाती॥
श्रम करि तुम आरो आश्रम कौं।
उचित तिहारी सेवा हमकौं॥

सेवा हम कीन्हे बिनु जातीं।
यह विनती हम करत लजातीं॥
दोष हमारो मन नहिं कीजै।
एक बार फिरि दरशन दीजै॥
शकुन्तला कों कर सों गहि कै।
चलीं सखीं यह नृप सों कहि कै॥
फैली तनमन व्याकुलताई।
राजा चल्या फ़ौज यह आई॥

दोहा।

तनु आगे मनु जातु है शकुन्तला तनु जातु।
सनमुख पौतनिशान पट पीछे ज्यों फहरातु॥
या विधि अति ही दुचित ह्वै उतै चल्यो महिपाल।
शकुन्तला को इत चलत भयो निपट बेहाल॥

घनाचरी छन्द।

उरभोई द्रुमन दुकूल सुरभावै लोग, काढ़नि लगति कंटक वहु पगनि सों। कबहूं निवाज खुले केसन कसन मैं कबहूं अंगिरान लागति अँगनि सों॥ ऐसे छल छिद्र कै कै ठाढ़ी ह्वै रहति शकुन्तला निपट भई व्याकुल लगनि सों। सखियन की नज़रि निवारि नारि फेरि फेरि महिपालहि देखे दृगन सों॥ ५८॥

इति श्रीसुधातरंगिन्यां शकुन्तलानाटक प्रथमोङ्क॥

अथ द्वितीयोऽङ्क ।

चौपाई ।

या विधि नृप सों लगनि लगाई ।
शकुन्तला आश्रम में आई ॥
प्रन प्रन पति शृङ्गार सिंगारे ।
सूने में सब अंग निहारे ॥
दिन में भख प्यास नहिं लागी ।
परति न नींद राति भरि जागी ॥
सकुचि सखिन हूं सों नहिं भाखे ।
हिय की पीर हिये में राखे ॥

सोरठा ।

लगी कटारी तीर पीर सहत सहि सूरमा ।
नये बिरह की पीर काहू सों सहि जात नहिं ॥ २ ॥
कहो न माने कोय जैसी पीर बियोग की ।
जापै बीती होय सोई जानै समुझि कें ॥ ३ ॥
दृग बरसत ज्यों मेंह बैठत जाय इकन्त घर ।
पियरानी मन देह तहूं दुरावति सखिन सों ॥ ४ ॥
उर भरि रह्यो सनेह लागो आगि वियोग की ।
मनो बुझावत देह अँसुवन की झर लाय कें ॥

दोहा ।

वा दिन तें यह ह्वै गयो शकुन्तला को हाल ।
जा दिन तें उतनो नजरि देखा उन महिपाल ॥ ६४ ॥

चौपाई ।

महीपाल अति व्याकुल रहै ।
पीर हिये की कासों कहै ॥
शकुन्तला सों मन अटकायो ।
राज काज अब सब बिसरायो ॥
नई लगन घर जान न दीन्हो ।
डेरा निकट तपोबन कीन्हों ॥
कल न परै निस दिन महिपाले ।
शकुन्तला सुधि हिय में साले ॥
मुनि लोगन को डर मन तन को ।
नेक न मिटत मरोरा मन को ॥
बिरह अग्नि सों तावत तनकों ।
नृप यों गिल्ला करत मदन कों ॥
रे रे मदन महा अपराधी ।
निगट अनीति आनि तें बांधी ॥
मन तें उपजि मनोज कहावत ।
तिहि मन कों तू कहा जरावत ॥

सोरठा ।

हिये बढ़ावत दाहु, सो वह दोष तुम्हें नहीं ।
करत पाप यह राहु तुम्हें जो छोड़त निगलि कैं ॥ ११ ॥
तुम्हें सुधानिधि नाउं लोग कहत जे बावरे ।
बारि देत सब ठाउं आगि जलन्ह के हुलन सों ॥

दोहा ।

शकुन्तला के बिरह सों व्याकुल अति महिपाल ।
एक दिवस कछु कहन कों आये द्वै मुनिबाल ॥

चौपाई ।

द्वै मुनि सिद्धि द्वार पर आये ।
सुनतहि राजा तुरत बुलाये ॥
आसिर्वाद दुहुन तब दीन्हों ।
करि प्रणाम नृप आदर कीन्हों ॥
तब ऋषि बोलि उठे हैं दोनों ।
बिना कन्व यह बन है सूनों ॥
महाराज है जग्य हमारैं ।
सो ह्वै सकतु न बिन रखवारैं ॥
राक्षस बिघ्न करन को आवत ।
सब ऋषि लोगन आनि सतावत ॥
कछुक दिनन तुम चलौ तपोवन ।
बिनतो करो सकल ऋषि लोगन ॥
बन कौ चहत हतो नृप आयो ।
सुनि मुनि बचन बहुत सुख पायो ॥
बिनतो करि यों ऋषिन बुलायो ।
राजा हरखि तपोवन आयो ॥
आपु अकेलो नृप धनुधारो ।
करत ऋषिन को बन रखवारी ॥

पैठ्यो बिरह नृपति के मन में।
ढूंढ़त शकुन्तला को बन में॥
ग्रीषम तरुन तेज तपि आयो।
तब नृप मन में यह ठहरायो॥
शकुन्तला यह धूप बिकट में।
बैठी नदी मालिनी तट में॥
बिन देखे नृप धरत न धीरहि।
आओ नदी मालिनी तीरहि॥
फूले कमल भ्रमर जहँ बोलत।
शीतल पवन मन्द तहँ डोलत॥
हरषि मोर पिक करत पुकारें।
झुकीं रहीं सघन तरु डारें॥
शीतल सघन छांह जंह पाई।
कमल दलन की सेज बिछाई॥
शकुन्तला तो पौढ़ी तामें।
अति ही व्याकुल बिरह बिथा में॥
घिसि घिसि के नित चंदन ल्यावे।
दासि कमल दल पौन डुलावे॥

दोहा।

जारत बिरह महीप को ताहि कहत सरमाति।
करत बहानो सखिन सों शकुन्तला इहि भांति॥

चौपाई।

ग्रीषम तरनि तेजतपि आयो।
तियहि सो बन में दाह बढ़ायो॥
उर में दाह कहा लों सहिहों।
तब कल पैहों जब मरि जैहों॥
शकुन्तला निदरति इमि प्राननि।
भनक परो राजा के काननि॥

दोहा।

पहुँचो नृपति तहो जितै सुने दीन ये बैन।
बिरहिन महा शकुन्तला देखि तबै भरि नैन॥
मन मलीन तन छीन अति पियरानो सब अंग।
दुखित भयो नृप देखि कें शकुन्तला को रंग॥

चौपाई।

तब नृप के मन में यह आई।
अभी न दीजे इन्हें दिखाई॥
रहे दुराइ द्रुमन तें गातन।
सुने अवण दै इन को बातन॥

दोहा।

यों कहि बन में दुरि रहे नृपति द्रुमन की ओट।
शकुन्तला सखियान सों कहत बिरह की चोट॥

चौपाई ।

जा दिन तें वह बन रखवारो ।
दरशन दे के फिर न सिधारो ॥
ता दिन तें बिसरो मुख हांसो ।
रहत गहें दिन राति उदासो ॥
जरो जाति बिरहन के जारें ।
कहत नहीं लाजन के मारें ॥

दोहा ।

अनसूया के बचन सुनि प्रियम्बदा करि खेद ।
परगट ह्वै पूछन लगी शकुन्तला सों भेद ॥

चौपाई ।

सुन सखि है अब और न कोई ।
कै तैं कै अब सखि हम दोई ॥
तैं हम तें अब कहा दुरावति ।
पीर हिये को क्यों न बतावति ॥
दिन दिन देह जाति दुबरानी ।
पियरानो सब अंग निशानो ॥
छिन छिन फैलति अंग छिनाई ।
घटत अकेली नही लुनाई ॥
दिन दुसहा यह दशा तुम्हारी ।
निश दिन छतिया फटै हमारी ॥

दाह निहारे तन में जेतो ।
तरनि तेज तातें नहीं तेतो ॥
छोड़ो लाज कहो यह मानो ।
हम सों करनो कहा बहानो ॥
जिय को रोग जानि जो लीजै ।
तो फिरि तैसो जतन करीजै ॥
यह सुनि दुमकोलो अखियन सों ।
बोली शकुन्तला सखियन सों ॥
तुम हो सखी प्रान की प्यारी ।
दुख अरु सुख में हो नहिं न्यारी ॥
बिथा बड़ी यह कब लगि सहि हों ।
तुम सों छोड़ि कौन तें कहिहों ॥
यातें मैं न कहत हों अजहूं ।
सुनि तव दुख ह्वै जैहै तुमहूं ॥
जब तें वह बन को रखवारो ।
तब हीं तें यह दशा हमारी ॥
छिन भरि पीर तरत नहिं टारी ।
कै अब वाहि दिखावहु प्यारी ॥
करो उपाय बेग हीं एरो ।
कैदे चुको तिलांजलि मेरो ॥
इतनो कहत गरोभरि आयो ।
लगी लाज नीचो सिर नायो ॥

यह दुख जिय को सखिन सुनायो ।
नृप श्रवननि में सुधा पियायो ॥
शकुन्तला यों बोलि चुपानो ।
कहो सखिन फिरि मीठी बानो ॥
अब हीं ह्वै है सब मन भायो ।
भले ठौर तें मन अटकायो ॥
आयो दूत है बन रखवारो ।
राजा है वह प्राननि प्यारो ॥
रच्छा कों सब ऋषिन बुलायो ।
फेरि तपोबन हीं में आयो ॥
देखो हम अति हो दुबरानो ।
अंग अंग को रँग पियरानो ॥
कहत न कछू रहत मन मारे ।
भयो बिकल कछु बिरह तिहारे ॥
लिखो एक लिखि पठवो वाकों ।
परगट करि निज बिरह बिथाकों ॥
दशा तिहारो जो सुनि पै है ।
तुरत तिहारे ढिग चलि ऐ है ॥

दोहा ।

कीजे यहो उपाय अब सखिन कहो समुझाय ।
बोलो बहुरि सखोन सों शकुन्तला सरमाय ॥

चौपाई ।

यह उपाय तो है अति नीको ।
याकों यह डर मिटत न जीको ॥
परगट ह्वै हो छोड़ति लाजनि ।
लेखो लिखि लिखि पठवत राजनि ॥
निरखो नृपति निरादर ठाने ।
हम कों तजे बनै फिरि प्राने ॥
शकुन्तला यह डर मन कीन्हो ।
अनसूया फिरि उत्तर दीन्हो ॥
शकुन्तला तैं क्यों बौरानी ।
अनमिल कहति कहा तें बानी ॥
देखि आपने घर धन आवत ।
कोऊ कहूँ किवार दिवावत ॥
शीतल किरन चन्द्र की लागे ।
कौन ओट दै राखत आगे ॥
इतो लौन मैं मूरखता है ।
तें जिहि चाहैं सो तुहि चाहै ॥
लगनि तिहारी जो नृप जाने ।
धन्य भाग्य अपनो करि माने ॥
कागद कलम दवाइत नाहीं ।
सुनो श्रवन करि मेरो याईं ॥



भली भली करि मन में बातनि।
नख सों लिखो कमल के पातनि॥

दोहा।

सुनि ये बैन शकुन्तला सुधि जिय में ठहराय।
पाती पंकज पात की नख सों लिखो बनाय॥
पाती लिखि फिर सखिन सों शकुन्तला मुख चाहि।
कहन लगी कै सुनहु तहँ लिखत बनों कै नाहिं॥

चौपाई।

सखीं सुनन लागीं दै कानन।
शकुन्तला खोल्यो तब आनन॥

सोरठा।

कीजे कौन उपाय दया तुम्हारे है नहीं।
मन लै गये चुराय फेरि दिखाई देत नहिं॥
कोमल सब अँग और रचे बिरंचि बिचारि कै।
हिरदै निपट कठोर मन काहे तें ह्वै गयो॥

चौपाई।

शकुन्तला यह सखिन सुनायो।
राजा निकसि द्रुमन तें आयो॥
निकसि द्रुमन तें दरसन दीन्हो।
शकुन्तला सों उत्तर कीन्हों॥

सोरठा ।

निशदिन रहत अचेत वर लैबो भारू भयो ।
एक तिहारे हेत बनवासी हम ह्व भये ॥

चौपाई ।

यह कहि नृपति निकट चलि आयो ।
देखि सखिन अति ही सुख पायो ॥

दोहा ।

लागी उठन शकुन्तला आदर करिवे काज ।
कोन अंग तब देखि कें यो बोल्यो महराज ॥

चौपाई ।

अति ही दुर्बल देह तिहारो ।
माफु तुम्हें ताजीम हमारो ॥
देखि दुसह यह दाह तिहारो ।
मन मलीन ह्वै गयो हमारो ॥
पौढ़ीं रहो गेह हम नारी ।
करें उताइल जतन तुम्हारी ॥
हियो गयो भरि आनंद अति सों ।
प्रियम्बदा बोली क्षितिपति सों ॥
भले आज तुम अवसर आये ।
तुम सिगरे दुख आनि मिटाये ॥
तुम से बेग खबरि अब लेहैं ।
शकुन्तला तनु दाह न रहि हैं ॥

बैठो निकट गहो अब नारी।
लखें वेदई आज तिहारी॥

दोहा।

यों कहि तब मुसक्याय नृप बैठो वाही ठौर।
रही लजाय शकुन्तला लखति सखिन की ओर॥

चौपाई।

प्रीति समान दुहुन की तोली।
अनसूया तब नृप सों बोली॥
एक बात तें नृप हम डरतीं।
तातें नृप हम विनती करतीं॥
राजनि कें होतीं बहु नारी।
जरें सवतिया दाह की जारी॥
माइ न बाप कुटम्ब न भाई।
शकुन्तला विधि दुखी बनाई॥
तुम सो कछू निरादर ह्वै है।
शकुन्तला पुनि जियत न रहि है॥
अनसूया कहि बचन चुपानो।
कह्यो महीपति फिर यह बानो॥
तुम हूं अब लगि मोहि न जानो।
मैं बनाय यह हाथ बिकानो॥
जे घर मेरे हैं बहुतेरी।
शकुन्तला की हैं सब चेरी॥

शकुन्तला यह सखी तिहारी ।
मोहि लगति प्राननि तें प्यारी ॥
जब तें वह भरि दीठि निहारी ।
तब तें सुधि बुधि सबै बिसारी ॥
मोहि कछू अब घर जु सुहातो ।
मैं अबलों का घरै न जातो ॥
शकुन्तला जो मोहि न बरिहै ।
अपनो मोहि दास तो करिहै ॥
शकुन्तला बिन घरै न जैहौं ।
शकुन्तला को दास कहैहौं ॥
कही बात राजा अति नीकी ।
आसा भई सखियन के जीकी ॥

दोहा ।

बिहँसी नृप की ओर लखि, शकुन्तला के गात ।
अनसूया सों कहि उठी प्रियम्बदा यह बात ॥

सोरठा ।

भूखे हैं मृग बाल ढूंढ़त हैं निज माय कों ।
चलो सखी उठि हाल दीजें तिन्हें मिलाय अब ॥

चौपाई ।

चलीं सखीं दोऊ छल करि कै ।
शकुन्तला बोली तब उठि कै ॥

दइयहु कों तुम नहीं डरातीं ।
मोहि कहां छोड़े अब जातीं ॥
थरिकु रहो प्रिय पास अकेलो ।
यों कहि कै टरि गईं सहेलो ॥
शकुन्तला तब उठी अकमिके ।
राजा गहो बांह तब हँसिके ॥
दिन दुपहर यह तपतु अनैसो ।
चाह तुम्हारो तन में ऐसो ॥
ऐसो ठौर कहां तुम पैहो ।
शीतल छांह छोड़ि कँह जैहो ॥
हम से सेवक निकट तिहारे ।
कहा सखिन के होत सिधारे ॥
तुम कहँ मो कहँ सौंपि सिधारीं ।
वे दोउ प्रिय सखीं निहारी ॥
सखियन की अब सोध न लीजे ।
जो कछु होय सो हम अब कीजे ॥
कहो अगर चन्दन घिसि ल्याऊं ।
कहो तो शीतल पवन डुलाऊं ॥
यह कहि के नृप करी ढिठाई ।
कर नहि शकुन्तला बैठाई ॥
धक धक छतिया लागी डोले ।
शकुन्तला लागी फिरि बोले ॥

महाराज यह उचित नहीं है ।
काहा हमारी बांह गही है ॥
बाप हमारो है घर नाहीं ।
अरु अबलौं हम हैं अन व्याहीं ॥
और व्याह अब नहिं अभिलाखो ।
हम तुम कौं मन में करि राखो ॥
बाप हमारो जब घर अयहै ।
तुम कौं हमैं व्याहि तब देहै ॥
अबलौं तुम हम से नहिं व्याहे ।
मोहि कलंक लगावत काहे ॥
शकुन्तला यों देखि डरानो ।
बोल्यो फेरि महीपति बानो ॥

दोहा ।

कहु कितने नृप की सुतन गंधर्व कीन्हें व्याह ।
गईं व्याहि बरु पाइ के तिन की होत सराह ॥
गही बांह अब आजु ते तुम प्यारी हम नाह ।
हमैं तुम्हें यह ठौर अब भयो गँधर्व विवाह ॥

चौपाई ।

मुनि कोऊ न कछू डर आनै ।
वह मुनि वर हैं निपट सयानै ।
तीरथ न्हाय जबै मुनि ऐहैं ।
यह मुनि के बहुतै सुख पैहैं ॥

जबलौं बात कहौ नृप एतो।
करी काम केती कमनैतो॥
शकुन्तला लाजहिं भरि आई।
गहि कर नृपवर गरैं लगाई॥
कर सों नृप छतिया गहि मसकी।
शकुन्तला लीन्हो तब ससकी॥
चुम्बन कियो नृपति मन भायो।
शकुन्तला मुख झझकि छुड़ायो॥
शीतल पवन मन्द बहि आयो।
सघन बायु में सुरति मचायो॥
उर लाग्यो अधरन रस चहुंके।
शकुन्तला कोइल सी कुहुंके॥
भरि दुपहरि यों सुरति मचाई।
बातें कहत सांझ ह्वै आई॥
देखि गौतमी को उठि धाईं।
दोऊ सखीं कहत यों आईं॥
पिय को हरबर करो बिदाई।
फुफी गौतमी निकटहिं आई॥
शकुन्तला सुनि निपट डरानी।
बोलि उठी नृप सों फिरि बानी॥
दुरहु द्रुमन में प्राणपियारे।
हम तें फेरि भये तुम न्यारे॥

फुफो गौंतमी अब इत ऐहै।
करि गहि मोहि घरै लै जैहै॥
इत तें कहो कहां तुम जैहो।
हमहिं फेरि कब दरशन दैहो॥
दरस नहीं जो हरे बर दैहो।
हमें फेरि तुम जियत न पैहो॥
ऐसो कछू निसानो दीजै।
जाहि देखि मन धीरज कीजै॥
शकुन्तला ये बैन सुनाये।
नृप के नैन सजल ह्वै आये॥
तब नृप खोलि अंगूठी लीन्ही।
शकुन्तला के कर में दीन्हीं॥
और बात नृप कहन न पाई।
निपट नगीच गौतमी आई॥
चलत गौतमी को पग बाज्यो।
सुनि नृप दुख्यो द्रुमन में भाज्यो॥
शकुन्तला फिरि दुख भरि आई।
पौढ़ि रही जँह सेज बिछाई॥
तब लों तहां गौतमी आई।
शकुन्तला गहि गरे लगाई॥
पूछनि लगी गौतमी बातनि।
अब कछु दाह घटो तव गातनि॥

शकुन्तला यह बचन कह्यो तब ।
कछुक विशेष भयो तो है अब ॥
तब गहि शकुन्तला के कर कों ।
ह्वांतें चली गौतमी घर कों ॥
शकुन्तला निज आश्रम आई ।
नृप दुख सागर थाह न पाई ॥
शकुन्तला संग जँह सुख पायो ।
वाही ठौर फेरि नृप आयो ॥
सूनो सेज कमल दल वारी ।
देखि भयो नृप कों दुख भारी ॥
बिरह ताप चढ़ि आयो तन में ।
नृप यों शोचन लाग्यो मन में ॥
कहां जाउं कैसे सुख पाऊं ।
यह दुख गाढ़ो काहि सुनाऊं ॥
अब यों कब फिरि दरसन पइहों ।
तब लों यह दुख कैसें सहिहों ॥
ज्यों ज्यों लखत सेज यह सूनो ।
त्यों त्यों बढ़त पीर उर दूनो ॥
मन में नृप यों शोच बढ़ायो ।
मुनिन महाबन शोर मचायो ॥
महाराज क्यों सुधि बिसराई ।
जित तित दानव देत दिखाई ॥

लखत दानवन की परछांहीं ।
हमरो यग्य सकल रहि जाहीं ॥
ऋषिन दीन यों बचन सुनायो ।
तुरत बियोगी नृप उठि धायो ॥
हित मैं भयो बिरह अति भारी ।
फेरि करन लाग्यो रखवारी ॥
इति श्रीशकुन्तलानाटके द्वितीयोङ्कः ।



अथ तृतीयोङ्क ।

चौपाई ।

पकरि गौतमी आश्रम आई ।
बिरह लतनि मैं अति ही छाई ॥
बिथा बिरह की सहो न जाई ।
शकुन्तला सुधि बुधि बिसराई ॥
संग सखी तन कोउ न भावै ।
बैठि एकांत दृगनि बरसावै ॥
बिन देखें कल नेक न पावै ।
घरी घरी ज्यों बरसि बितावै ॥
सूनो सो सबरो जग लेखति ।
धरें ध्यान पिय मूरति देखति ॥
आई सुधि पीतम की रति की ।
तबै अंगूठी देखी नृप की ॥

घनाक्षरी ।

सुधि और सब कौन समुझावे वाके उर कछु नहिं भावे न सहेली कोऊ साथ में । पति हो दुचित सिर नाए सूने सदन में बैठो प्यारी धरि के बदन बाम हाथ में । चित्र कैसो लिखो नेक डोलति न बोलति न दुखन की मोट धरि दीन्ही बिधि माथ में । सुनत इती बात सूने से ह्वै गये सगात बैठी ध्यान कीन्हे मन दीन्हे प्राण नाथ में ॥ २ ॥

चौपाई ।

शकुन्तला यों मन अटकायो ।
मुनि दुर्वासा आश्रम आयो ॥

सवैया ।

प्रियध्यानमेंबैठो शकुन्तलाहै ऋषिआयगयोअन चाह्योईचह्यौ ।
नहिंसासन बूझिकेआसनदीन्हों न आदर सों कछु बैन कह्यौ ॥
तब यों दुर्वासा रिसाइ कह्यो जिहि को एहि भांति तूं ध्यान धस्यो । सुधि तेरी न सो करि है कबहूं यह श्राप मिताब दे जात रह्यो ॥ ४ ॥

बोलसुनोन ऋषीश्वरको न ऋषिश्वरको रनरखो परछाहीं ।
ध्यान धरेंजु हतो चित में तियध्यान धरें ही रहो चितमाहीं ॥
क्रोधौ महा दुरवासा ऋषीश्वर दीन्हों है श्रापपसारि के बाहीं ।
आयो कभे कब जातु रह्यो यह नेक शकुन्तलाकों सुधि नाहीं ॥

चौपाई।

सुनत श्राप सखियां उठि धाईं।
हरबर दुर्वासा ढिग आईं॥
भयो सखिन के जिय दुख गाढ़ो।
पांय पकरि कीन्हीं मुनि ठाढ़ो॥
शकुन्तला को नेहु निहोरे।
बिनती लगीं करें कर जोरे॥
क्रोधन इतनो तुम्हरे लायक।
यह अपराध छमो मुनि नायक॥
करो न कोप दया मन ल्यावहु।
करहु कृपा यह श्राप मिटावहु॥
यह विनती मन धरहु हमारी।
कन्वसुता सो सुता तुम्हारी॥
दोऊ सखिन कही यह बानी।
सुनि किरपा कछु मुनि मन आनी॥
राजा गयो अंगूठी दैहै।
वाहि लखतहीं फिरि सुधि ह्वैहै॥
यह विधि छूटै श्राप हमारो।
यह कहि के मुनि फेरि सिधारो॥
छूटो श्राप हरख भयो गातन।
दोऊ सखीं लगीं फिर बातन॥

जो मुनि कह्यो सो है नहिं झूंठो।
शकुन्तलहि नृपदई अंगूठी॥
जब नृप को बिसुधि करि पावै।
वहै अंगूठो वाहि दिखावै॥
काहू सों न कह्यो नहिं मानै।
हमैं तुम्हैं यह आपहि जानै॥
शकुन्तला जो कछु सुनि पैहै।
कवनिहुं जतन न जीवति रहिहै॥
यों कहि कै बातें दुखदाई।
दोउ शकुन्तला ढिग आई॥ ६॥

दोहा।

निरखति नैनन सो कछू कछू सुनति नहिं कान।
निहँचलचित्त शकुन्तला बैठि करति पिय ध्यान॥ ७॥

चौपाई।

शकुन्तला यों दिवस बितावति।
राजा हिये न कछु सुधि आवति॥
मुनिन बिदा करि दीन्हीं राजहि।
गयो अपने राज समाजहि॥
आप गयो सुनिद दुखदाई।
शकुन्तला की सुधि बिसराई॥
बहुत काल इहि भांति बितायो।
शकुन्तला उर गर्भ जनायो॥

नीक न लगति देह दुबरानी ।
अंग अंग की छबि पियरानी ॥
आलस आनि चित्त में छायो ।
उतर्‍यो बदन उससि उर आयो ॥
नेह पोछलो नृप बिसरायो ।
तीरथ न्हाय कन्व मुनि आयो ॥ ८ ॥

दोहा ।

कछुक दिनन मैं कन्व मुनि आयो तीरथ न्हाय ।
शकुन्तला निज गर्भ सों मुनि कों लखय लजाय ॥ ९ ॥

चौपाई ।

मुनि वर होम करन लागे जब ।
भई अग्नि तें बानी यह तब ॥ १० ॥

दोहा ।

ब्याही नृप दुष्यंत कों करि गंधर्व बिवाह ।
शकुन्तला है गर्भ सों भलो भयो मुनि नाह ॥ ११ ॥

चौपाई ।

कढ़ी अग्नि तें जब यह बानी ।
सुनि के मुनिबर आनंद ठानी ॥
करो होम बिधि मुनि मन भाई ।
शकुन्तला मुनि तुरत बुलाई ॥
लाजहि नखछत अंग छिपायें ।
आई शकुन्तला शिर नायें ॥

शकुन्तला ढिग में बैठाई।
करन लगी मुनि बहुत बड़ाई॥
बड़ो मोहो तें सुख यह दीन्हों।
अति ही मोहि सुचित करि लीन्हों॥
चक्रवर्ति सुत ह्वै वर दीन्हों।
जित तें ब्याहु गंधर्व कीन्हों॥
मैं अबकी कत दर्व न रहिहौं।
भोर तोहि सासुरें पठैहौं॥
शकुन्तला को सुनि ससुरासो।
भई सखिन के चित्त उदासो॥
निरखि सखिन के मुख मुरझाये।
शकुन्तला के दृग भरि आये॥
भयो भोर रवि दई दिखाई।
सिर तें शकुन्तला अन्हवाई॥
विदा समै मुनि कन्व बुलाए।
सब ऋषि वधू मिलन को आए॥
मुनि ससुरारहि देत पठाए।
शकुन्तला सिसकति शिर नाए॥
बैठीं घेरि सकल ऋषिनारी।
लगीं असोसैं देन पियारीं॥
प्रान समान होहु पतिप्यारी।
लखि लखि सौतें करहि तिहारीं॥

सुत सपूत ह्वै है घर जाता ।
सुखसागर में रहो समाता ॥
ये बातें कहि कै हितकारीं ।
घर अपने मुनि बधू सिधारीं ॥
शकुन्तला ढिग और न कोऊ ।
कै गौतमि कै सखियां दोऊ ॥
शकुन्तला अंसुवन भरि आई ।
गहो गौतमी गोद बिठाई ॥
बड़ो बेर लौं गूथि बनाई ।
फूलमाल सखियन पहिराई ॥
कासों कहैं कहां ते ल्यावैं ।
गहनो नहीं कहा पहिरावैं ॥
भरि भरि दुहूं दृगन जल मोचैं ।
दोऊ सखीं दुखित ह्वै सोचैं ॥
भूषन वसन सबै हम ल्याये ।
है मुनि बालक गहनो ल्याये ॥
गहने को जिनि शोक बढ़ावहु ।
लेहु ललित गहनो पहरावहु ॥
गहनो देखि सखिन सुख पायौ ।
कहन लगी कित तें यह आयौ ॥

दोहा ।

देखि अचंभो सवन को दोऊ तब मुनिवाल ।
कहन लगी यह भांति हैं इह गहने के हाल ॥ १२ ॥

घनाक्षरी ।

कन्त गुरु हमको पठायो कै शकुन्तला को फूल तोरि ल्याउ फूल माला पहिराउ आनि । हम गये फूल तोरें और गति भई तब सिद्धि है गुरु को वह हम कों परति जानि ॥ काहूं पाये पान काहूं काजर ललित काहूं काहूं महाउर काहूं सेंदुर सुहाग आनि । रूखन के भीतरतें हाथन निकासि गहि भूखन बसन हमें दीन्हे बन देवतानि ॥

चौपाई ।

सुनि गौतमी सगुन ठहरायो ।
शकुन्तलहि गहनो पहिरावो ॥
सेंदुर सखियन मांग चढ़ायो ।
काजर नैनन मांहिं लगायो ॥
जावकरंग पगनि झलकायो ।
चुनि चट कीन्हौ पट पहिरायो ॥
बीरो सखिन बनाइ खवाई ।
शकुन्तला दुलहिन बनि आई ॥
जब लों यह शृंगार बनायो ।
तब लों न्हाय कन्व मुनि आयो ॥
शकुन्तला को दुख रमि जागो ।
मुनि मन माहिं कहन यों लाग्यो ॥ १५ ॥

घनाक्षरी ।

धरत न धीर गरो भरि भरि आवत है निकसि निकसि

नीर आवत दृगनि में। हरष हिरानो जात कछु न सुहात तन मन अकुलात यों रह्यो न जात बन में ॥ आजु ससुरारि कों शकुन्तला सिधारैगी सो याही शोच सकुच सम्हार नहि तन में। मेरे वनवासी के भयो है दुख एतो दुख केते होत ह्वै है घरवासिन के मन में ॥ ११६ ॥

चौपाई ।

यह मुनि मन में मोह बढ़ायो ।
शकुन्तला के ढिग चलि आयो ॥
बापहि देखि मोह सों पागी ।
शकुन्तला तब रोवन लागी ॥
दुख तें नीर रह्यो भरि नैननि ।
बोल्यो पुनि मुनि गद् गद् बैननि ॥
मंगल है पिय के घर जैबो ।
अब या समय उचित नहीं रहबो ॥
क्यों गोतमी नाहिं समुझावति ।
शकुन्तला यों रोवनि पावति ॥
है शुभघरी बिलम्ब न लावहु ।
अब हीं ह्यांतें याहि पठावहु ॥
यों कहि मुनि द्वै शिष्य बुलाए ।
शकुन्तला सँग को ठहराए ॥
गहि बहियां गौतमी उठाई ।
शकुन्तला ससुरारि पठाई ॥ ११७ ॥

दोहा ।

दृग सेंती मुसकति चली शकुन्तला ससुरारि ।
तब सबरे बन द्रुमन सों मुनि यों कह्यो पुकारि ॥ ११८

घनाक्षरी ।

फूलति तुम्हें निहारि ऐसें उर फूलति हो सुत के भये तें फूल होत जैसे नारि को । क्यारीं आल बालनि बनावति रहति याहो श्रम में बितावतीं हुतीं जो याम चारि को ॥ जो लों न पहिलें तुम्हें सींचि लेतो हुती तौलों ने कहूंन केहूं जो पियत हुतो वारि कों । सेवा इहि भांति जो करति हो तिहारो सोई सुनिये शकुन्तला सिधारो ससुरारि कों ॥

चौपाई ।

मुनिवर यह बन द्रुमन सुनायो ।
पिकनि द्रुमनि चढ़ि शोर मचायो ॥
कोयल कुंहकति चढ़ि चढ़ि डारिन ।
मनु द्रुम बन बन करत पुकारन ॥
देखि रहो अपने द्रुम लाये ।
शकुन्तला के दृग भरि आये ॥
शकुन्तला यह शोक समानो ।
सखियन सों बोली यह बानी ॥
लाग्यो जड़ नृपनेहु निगोड़ो ।
मोपै जात नहीं बन छोड़ो ।

भेरी लाई द्रुम अरु पाती ।
देखें दुख भरि आवत छाती ॥
अब सेवा नाहीं है मोपै ।
ये द्रुम जात तुम्हीं कों सौंपै ॥
यह सुन के भरि आई अँखियां ।
बोलि उठी तब दोऊ सखियां ॥
कहा सौंपती ये द्रुम पाती ।
हमें काहिँ तुम सौंपें जाती ॥
यों कहि परम प्रेम सों पागीं ।
सखी गीर कों रोवन लागीं ॥
मया सखिन के हिय अति बाढ़ी ।
शकुन्तला रोवत है ठाढ़ी ॥
बड़ी बेर लों मुनि समुझाई ।
शकुन्तला आगे चलि आई ॥
शकुन्तला मग फेरि सिधारी ।
भयो सकल बन को दुख भारी ॥
नाचनि मोरनि ने बिसराई ।
उगिलत घास हरिन अधखाई ॥
रह्यो चकित ह्वै नयन न डोलत ।
दुखित भ्रमर गुंजत नहिं बोलत ॥
जितने जात हुते बनवासी ।
सबही के मन भई उदासी ॥

सब बन में छाई बिकलाई ।
शकुन्तला को सुक चलि आई ॥
पहरुक तब लों दिन चढ़ि आयो ।
मुनि को यह गौतमी सुनायो ॥
देखो बड़ो बेरि कढ़ि आई ।
शकुन्तला को करो बिदाई ॥
सीख होय सो याहि सिखावो ।
ठाढ़े होउ न आगे आवो ॥
मुनि को भयो महा दुख गाढ़ो ।
भयो सबन को लै मुनि ठाढ़ो ॥ १२० ॥

दोहा ।

शिष्यनिसों मुनि कहि उठे मन विचारि ठहराइ ।
कहियो नृप दुष्यन्त सों यह सँदेस समुझाइ ॥ १२१ ॥

चौपाई ।

हम हैं आश्रित राव तिहारे ।
तुम हो रक्षक सदा हमारे ॥
शकुन्तला है सुता हमारी ।
याहि जानियो जिय तें प्यारी ॥
हमें न आश्रम आवन दीन्हो ।
आपहि ब्याह गंधरव कीन्हो ॥
शकुन्तला जु न सुख में रहिहै ।
यह दुख मोपो सहो न जैहै ॥ १२२ ॥

दोहा ।

नृप के हेत सँदेस के सिष्यन सों कहि बैन ।
शकुन्तला को सीख तब लगो महामुनि दैन ॥ १२३ ॥

चौपाई ।

सासु ननद की सेवा करियो ।
पति के प्यार भूलि मति परियो ॥
सौतिन हू में हिलि मिलि रहियो ।
अपनो भेद न कबहूं कहियो ॥
भागन के न गरब मन धरियो ।
पति साजन तें नेक न टरियो ॥
या बिधि तें पति के घर रहियो ।
सब घर सों कुलबधू कहैयो ॥
यह सिख सब मन में धरि लीजे ।
बन को मोहि बिदा अब कीजे ॥
अपने संग गौतमी लीजे ।
बिदा सखिन हूं कों अब कीजे ॥
शकुन्तला जल भरि अँसुवन को ।
रोवन लगो गरो गहि मुनि को ॥
मिलि कै मुनि को करो बिदाई ।
सखियन मिलि गहि गरें लगाई ॥
बिछुरन के दुख महा समानो ।
बड़ो बेर लों रोय चुपानो ॥

जो सराप दुरवासा दीन्हों ।
सो सखियन अपने मन कीन्हों ॥
अनसूया तब करि चतुराई ।
शकुन्तला सों बात चलाई ॥
अटकत चित्त बहुत काजनि में ।
सुधि वैसी न रहति राजनि में ॥
समयो बीति गयो बहुतेरो ।
नृप जो नेह बिसारे तेरो ॥
जो नृप गयो अंगूठी दै है ।
वाहि लखत हीं फिरि सुधि ऐहै ॥
सुनि सखि यातें जिनि बिसरावै ।
कहूं अंगूठी जान न पावै ॥
यह सुनि डर तें छतिया डोली ।
शकुन्तला सखियन सों बोली ॥
यह सँदेह तैं मोहि सुनायो ।
याको मैं कछु भेद न पायो ॥
अति ही गूढ़ कहो तैं बानी ।
यह सुनि के हौं निपट डरानी ॥
तब सखियन यह बचन सुनायो ।
देखो दिन दुपहर ह्वै आयो ॥
बिदा होउ छोड़ो अब बातें ।
चलो उतावल पहुँचो जातें ॥ १२४ ॥

दोहा ।

चले शिष्य आगे तबहिं शकुन्तला के साथ ।
दोऊ सखिया संग लै उतैं चल्यो मुनिनाथ ॥ १२५ ॥

चौपाई ।

दोऊ सखियां फिरि फिरि देखैं ।
सूनो सों सबरो जग लेखैं ॥
कछुक दूरि आगे तब डोलीं ।
हाथनि जोड़त फिरि यों बोलीं ॥
गई द्रुमन की ओट छिपाई ।
शकुन्तला नहिं देत दिखाई ॥
सखियन कों आश्रम लै आयो ।
शकुन्तला पतिपुर नगिचायो ॥ १२६ ॥

दोहा ।

पतिपुर-मारग निकट में देख्यो भर्यो तलाव ।
शकुन्तला प्यासी भई गई तहां करि चाव ॥ १२७ ॥

चौपाई ।

पानी पियो प्यास तब भागी ।
शकुन्तला मुँह धोवन लागी ॥
भयो बिनास महा है पल मैं ।
कर तें गिरी अंगूठी जल मैं ॥
गिरी अंगूठी जब जल माहीं ।
शकुन्तला कों कछु सुधि नाहीं ॥ १२८ ॥

दोहा ।

शिष्यनि सहित शकुन्तला आई नृप के द्वार ।
खिलवत में बैठौ हुतो तव नृप करि दरवार ॥ १२९॥

चौपाई ।

शिष्यनि की बातें सुनि लीन्हो ।
खोजनि जाय खबरि तब दीन्हो ॥
महाराज मुनि कन्व पठाये ।
शिष्य दोय द्वारे पर आये ॥
लीन्हे संग ललित इक नारी ।
करी चहत मनु नजरि तिहारी ॥
नारि सुनै नृप अचरज मानो ।
अति ही चिन्ता में चितु आनो ॥
निकरि यज्ञ शाला में आयो ।
मुनि के शिष्यनि कों बुलवायो ॥ १३० ॥

दोहा ।

शिष्यनि पीछें गौतमी पैठी नृप के द्वार ॥
पीछे सब के ह्वै चली शकुन्तला दरवार ॥ १३१ ॥

चौपाई ।

राजा करि सम्मान बुलाये ।
या विधि शिष्य कन्व के आये ॥
शकुन्तला लाजहि गहि गाढ़े ।
आई पिय घर घूंघट काढ़े ॥

चढ़ो अभाग्य भान तब जागो ।
नैन दाहिनो फरकन लागो ॥
यह असगुन तब आनि जनायो ।
शकुन्तला के दुख भरि आयो ॥
दीठि पसारि बिसारि निमेषन ।
शकुन्तला लागी नृप देखन ॥
लेखतहि अद्भुत रस सों पागो ।
मन मन नृपति कहन यों लागो ॥
को यह नारि कहां तें आई ।
बन में मुनिन कहां यहि पाई ॥
जान न परतु कहा ये आये ।
यहां याहि काहे कों ल्याये ॥
यह विचार मन में नृप कीन्हो ।
आशिर्वाद मुनिन तब दीन्हो ॥ १३२ ॥

दोहा ।

आसन तें उठि दूर तें कीन्हो नृपति प्रणाम ।
छेम कुशल पूछन लगो छोड़ि और सब काम ॥ १३३॥
महाराज के राज में रह्यो न दुख को हेत ॥
तपति तरनि के तेज तें तम न दिखाई देत ॥ १३४ ॥

चौपाई ।

कहो कुशल सब मुनि बनवारे ।
रहत कन्व गुरु सुखित तिहारे ॥ १३५ ॥

दोहा।

जिनके आशिर्वाद तें लोग अमर ह्वै जात।
तिन सिद्धन के कुशल को कौन चलावत बात ॥१२६॥

चौपाई।

महाराज के ढिग हम आये।
यह संदेश गुरू के लाये ॥
हम कों बिदा गुरू जब कीन्हों।
यह संदेस तुम्हें को कहि दीन्हों ॥
जानो हम सब बात तिहारी।
शकुन्तला है सुता हमारी ॥
जो गंधर्व व्याह तुम ठानो।
सो हम कछू दुःख नहिं मानो ॥
महाराज में हैं गुन जेते।
शकुन्तला हू में हैं तेते ॥
भलो भई सुनि हम सुख पायो।
विधि यह भल संयोग बनायो ॥
शकुन्तला यह गर्भ सहित है।
सुनि मुनि तुरत पठाई इत है ॥
शकुन्तला को घर में राखो।
मुनि को कह्यो सँदेस सुभाखो ॥
शकुन्तला हम इत पहुँचाई।
हमकों तुम अब करो बिदाई ॥

मुनि को श्राप न मन तें डोलो ।
बेसुध राजा फिर यों बोलो ॥
मुनि के शिष्य प्रवीन महा हौ ।
तुम ये बातें करत कहा हौ ॥
शकुन्तला किन व्याही को है ।
मोहि नहीं यह सुधि ननिकौ है ॥
राजा कही कठिन यह बानी ।
मुनि शिष्यनि ने अति रिस ठानी ॥
सुनि नृपबैन सबै सुधि भागी ।
शकुन्तला कंपन तब लागी ॥
नृप के बचन धरम तें डोले ।
दोऊ शिष्य कोपि कै बोले ॥
महाराज कछु धरमहि जानो ।
ऐसी अधरम मति मन आनो ॥
कह्यौ व्याह तब करि छल घातें ।
अब ये कहन लगे तुम बातें ॥
कोई करत जो कछु मन आवत ।
राजा लोग न पीरहि जानत ॥ १३७ ॥

दोहा ।

राजा के सुनि बैन ये निपट उठी अकुलाय ।
शकुन्तला सो गौतमी कहन लगी समुझाय ॥ १३८ ॥

चौपाई।

घरी एक छोड़ो तुम लाजहिँ।
मुख उघार दिखरावहु राजहिँ॥
मुख जो तिहारो देखन पावै।
तो नृप कों अबहीं सुधि आवै॥
कहि गौतमी घुंघट खुलवायो।
शकुन्तला मुख नृपहिं दिखायो॥१३८॥

दोहा।

पलक बिसारि निहारि तब शकुन्तला को रूप।
नाहीं हां कछु करत नहिं रह्यो भूलि सो भूप॥१४०॥

चौपाई।

राजा जब कछु ओठ न खोले।
मुनि के शिष्य फेरि तेहिं बोले॥
महाराज मन में सुधि कीजे।
अब हम कों कछु उत्तर दीजे॥
शकुन्तला को लखि तन-दीपति।
बोलो फिर यों बिसुधि महीपति॥
बड़ी बेर लों सुधि करि देखी।
मैं सपनेहूं यह नहिं पेखी॥
तुम तो कहत कि तुम यह व्याही।
मोहि कछू सुधि आवति नाहीं॥

गर्भ सहित यह नारि बिरानी ।
कैसें राखि सकौं करि रानी ॥
यह सुनि शिष्य रिसन सों पागी ।
या बिधि नृप सों बोलन लागी ॥
ऐसो पाप कहा मन आनत ।
तुम रिषि लोगन कों नहिं जानत ॥
कन्व महामुनि जब रिस करिहै ।
तुरतहिं तुम्हें जानि तब परिहै ॥ १४१ ॥

दोहा ।

करि के बातें कठिन ये राजा कों डरपाय ।
शकुन्तला सों शिष्य तब बोले निपट रिसाय ॥ १४२ ॥

चौपाई ।

काहू कों तब बूझि न लीन्हो ।
आपुहिं व्याह गंधर्व कीन्हो ॥
जैसो कियो सो फल अब लीजे ।
राजा कों कछु उत्तर दीजे ॥
लाज छाड़ि अँखियन कों खोलो ।
शकुन्तला तब नृप सों बोलो ॥
महाराज यह नीति कहा है ।
यातें अधरम होतु महा है ॥
या में कहो कहा तुम पावत ।
क्यों बिन काज कलंक लगावत ॥

तब पहिले हम तुम्हें न जान्यो।
कह्यो जु तुम कछु सो हम मान्यो॥
तब वैसी करि के छल घातें।
अब तुम कहत कहा ये बातें॥
विदा होत तुम दई अँगूठी।
यातें हौं इहहौं नहिं झूठी॥
और भेद अब कहा बतावौं।
वहै अंगूठी कहो दिखावौं॥
शकुन्तला यों बोलि चुपानी।
राजा कही फेरि यह बानी॥
यह तुम बात न्याय की कीन्हो।
अबलों क्यों न अंगूठी दीन्हो॥
जो मैं लखन अंगूठी पाऊं।
तो मैं तुमहिं सांच ठहराऊं॥
परसि अंगूठी केरि ठिकानो।
शकुन्तला को मुख पियरानो॥
कर में तब न अंगूठी पाई।
हाय हाय तिहि ठौर मचाई॥
लै उसांस करि सजल निमेखनि।
लगी गौतमी कों फिरि देखनि॥
शकुन्तला अति ही सरमानी।
राजा कही बिहँसि यह बानी॥

त्रिय चरित्र सुनि राखै बैननि।
ते हम लखे आजु निज नैननि॥
मैं कब तोकों दई अंगूठी।
ऐसो बात कहत क्यों झूंठी॥
परतिय तें मन विमुख हमारो।
चलि है कछु न प्रपंच तिहारो॥
विधि नृप के मन तें यों डोलो।
शकुन्तला नृप सों पुनि बोलो॥
देखो मैं प्रभु की प्रभुताई।
जिहि विधि हौं अब नाच नचाई॥
नहीं अंगूठी कहा दिखाऊं।
कहो और मैं भेद बताऊं॥
एक दिना तुम हम बन माहीं।
बातें कहत हते चितचाहीं॥
मैं अपने कर सेय बढ़ायो।
तहां एक मृग को सुत आयो॥
वाहि चह्यो तुम बारि पियायो।
वह न तिहारे ढिग चलि आयो॥
तब मैं जल अपने कर लीन्हों।
मृग सुत आय तुरत पी लीन्हों॥
तब तुम तहां करी यह हांसी।
तुम ये दोऊ हो बनवासी॥

मृगसुत संगहि रहत तिहारे।
पियहि नीर क्यों हाथ हमारे॥
यह कहि के तब हँसी बढ़ाई।
अब तुम सबरी सुधि बिसराई॥
यह सुन सुधि मन नहिं आई।
राजा फिरि यह बात चलाई॥
या विधि मीठी बातें करि के।
लेत त्रिया सब को मन हरि के॥
या विधि अद्भुत बात बनाई।
छू न गई मनु कहूं झुठाई॥
यह सुनि मन में अति सतरानी।
कही गौतमी नृप सों बानी॥
महाराज तुम ही विसवासी।
कपट कहा जानै बनवासी॥
कपट कहां हम सीखैं वन में।
कपट होत राजनि के मन में॥
यौं कहि के गौतमी चुपानी।
राजा फेरि कही यह बानी॥
होत सुभावहिं तें चतुराई।
सब नारिन में हम ठहराई॥
सुनहु न कोयल की चतुराई।
करतीं कागनि सों ठगहाई॥

काग हवालैं सुत करि देतो ।
बड़ो भये अपनो फिरि लेतो ॥
राजा कह्यो कठिन यह बानो ।
शकुन्तला सुनि कै सरमानो ॥
कहा कहत है रे अन्याई ।
तैं मोसों कीन्हो ठगहाई ॥
तब मैं तोहि न ठग करि जान्यो ।
जो तूं कह्यो सो तब मैं मान्यो ॥
यौं कहि नीचें सीस नवायो ।
दुख भरि गयो गरो भरि आयो ॥
मुख कों ढांकि दुखन सों पागो ।
शकुन्तला तब रोवन लागो ॥
ओठ दुहूं शिष्यन तब खोले ।
शकुन्तला सो रिस करि बोले ॥
नेहु करत काहू न जनायो ।
जैसो कियो सो फल अब पायो ॥
पूछ लीजियत पहिचाने सों ।
प्रीति न करियतु अनजाने सों ॥
शकुन्तला सों तब यों कहि कै ।
बोले तब नृप सों रिस गहि कै ॥
सुनो नृपति यह बात हमारी ।
भली बुरो यह नारि तिहारी ॥

छोड़हु याहि कि घर में राखहु ।
हम सों तुम अब कछु मति भाखहु ॥
ये बातें राजा सों कहि के ।
चले गौतमी को कर गहिके ॥
तुम हूं छोड़ो या शठ छोड़ो ।
कहां जांउ हौं जन्म निगोड़ी ॥
शकुन्तला यो रोय पुकारी ।
आपहुँ शिष्यन संग सिधारी ॥ १४३ ॥

दोहा ।

शिष्यन के पीछे लगी शकुन्तला अकुलाय ।
पीछे देखि शकुन्तलहिं बोले शिष्य रिसाय ॥ १४४ ॥

चौपाई ।

कहा अभागिन तूं इत आवत ।
सोई करति जो कछु मन भावत ॥
ज्यों नृप कहत जो तैं है तैसो ।
करिहैं कहा सुता मुनि ऐसो ॥
साधु जो है यह तेरो कहिवो ।
उचित तोहिँ यह पिय घर रहिवो ॥
मुनि के आश्रम तूं अब रहि है ।
सब जग तोहि कलंकिन कहि है ॥
पिय को जो ह्वै रहि है दासो ।
तोउ न तेरी ह्वै है हांसी ॥

यों कहि के फिरि शिष्य सिधारे ।
राजा यों कहि फेरि पुकारे ॥
कहां जात हो छोड़ें याकों ।
झूठो भास देत हो ताकों ॥ १४५ ॥

दोहा ।

शकुन्तला की दुरदशा देखि दया मन ठानि ।
सोमराज प्रोहित बिबुध बोल्यो नृप सों आनि ॥ १४६॥

चौपाई ।

लरिका कों यह जावे जौलों ।
मेरे घरे रहै यह तौ लों ॥
ह्वै है सुत चक्कवे तिहारे ।
यह सब पंडित कहत पुकारे ॥
शकुन्तला जिहि पूतहिं जावै ।
सु जो चक्कवै लच्छण पावै ॥
तो यहि सांचोही करि मानो ।
महाराज अपने घर आनो ॥
और जो और तरह यह ह्वै है ।
तो अपने मुनि के घर जैहै ॥ १४७ ॥

दोहा ।

सुर के मुनि के आपतें नर बेसुध ह्वै जात ।
आप मिटें आवै सुरति फिरि पीछे पछितात ॥ १४८ ॥

चौपाई।

यह सुनि नृपति कह्यो यह बानी।
करहु जो तुम अपने मन आनी ॥ १४९ ॥

दोहा।

यौं लै आयसु नृपति सौं पौर राखि सब देह।
शकुन्तला सौं कहि उठ्यो चलो हमारे गेह ॥ १५० ॥
शिष्य छोड़ या विधि गये या विधि छोड़ी नाथ।
शकुन्तला रोवति चली सोमराज के साथ ॥ १५१ ॥
शकुन्तला को देखि दुख आगि लपट सी धाइ।
माय मैंनका लै गई शकुन्तलाहिँ उठाइ ॥

चौपाई।

शकुन्तला की सोध न पायो।
प्रोहित दौरि नृपति ढिग आयो ॥
महाराज कह कहिये बैननि।
ऐसो अचरज देखो नैननि ॥
अंसुवन की गहि नैननि माला।
चली साथ मेरे वह बाला ॥
धुनत दुहूंकर भाग अभागी।
जात हुती मेरे सँग लागी ॥
तब इक आगि लपट सी आई।
वाहि गगन लै गई उठाई ॥

यह सुनि हरष अंग उपजायो।
राजा यह तब वचन सुनायो॥
हम पहिले हो वह तजि दीन्हो।
भलो बाति परमेसुर कीन्हो॥
यह कहि प्रोहित घरहि पठायो।
नृप उठि शयनमन्दिरहि आयो॥
जोऊ सुरति आवत कछु नाहीं।
तोऊ भइ चिन्ता चित माहीं॥
नेकु न आवत नींद सुखन में।
रहति उदासो निशदिन मन में॥ १५३॥
इति श्रीशकुन्तलानाटककथायां तृतियोङ्कः।

अथ चतुर्थोऽङ्कः।

चौपाई।

शकुन्तला जल में जु गिराई।
वही अंगूठी केवट पाई॥ १५४॥

दोहा।

वही अंगूठी हाथ लै बेंचन गयो बजार।
बैंचत हीं सो पकरि गो खाई अतिही मार॥ १५५॥

चौपाई।

नृप को नांउ अंगूठी देख्यो।
चोर केवटहिँ लोगन लेख्यो॥ १५६॥

दोहा ।

चोर जानि कै केवटहिँ पकरो तब कुतवाल ।
तहां अंगूठी को लग्यो केवट कहन हवाल ॥ १५७ ॥

चौपाई ।

साहिब यह मैं नाहिं चुराई ।
मैं यह तालहि भीतर पाई ॥ १५८ ॥

दोहा ।

भरे ताल मछरीन के खेलत हतो सिकार ।
तहां अंगूठो ललित यह कढ़ि आइ परिजार ॥१५९॥

चौपाई ।

यों सुनि केवट कों छुड़वायो ।
कोतवाल नृप के ढिग आयो ॥
आय अंगूठो नृपहिं दिखाई ।
शकुन्तला नृप कों सुधि आई ॥
पैठो दुख जिय सुख कढ़ि भाग्यो ।
टप टप दृग जल बरसन लाग्यो ॥
दोऊ कर सिर में दै मारे ।
हाय हाय मुख वचन निकारे ॥
और कछू न रहो सुधि तन में ।
नृप यों शोचन लाग्यो मन में ॥
कासों कहों कहा मैं कीन्हीं ।
मैं अपने गर छूरो दीन्हीं ॥

प्राणप्रिया घर बैठें आई ।
मोपै घर में रहन न पाई ॥
भूलि गई ह्वै सब दुख दाई ।
अब वे बातें सब सुधि आईं ॥
प्रिया लाज तजि भेद बतायो ।
तऊं न मेरे मन कछु आयो ॥
प्रानप्रिया इत तें मैं छोड़ी ।
चले शिष्य उत छोड़ि निगोड़ी ॥
करि पुकार मग रोवन लागी ।
तोऊ दया नहिं मेरे जागी ॥
वह सब सब सुधि मन में करकति ।
कहा करौं छतिया नहिं दरकति ॥ १६० ॥

दोहा ।

दई अंगूठी आनि करि जा दिन तें कुतवाल ।
तादिन तें लागो रहन महा दुखित महिपाल ॥

घनाक्षरी ।

देंह पियरान लागी नेह की बिथा सों जागी भूख भागी नींद न परति एकौ छिन है । भावतु न राग बैरागु सो रहत लीन्हे सुनि कै दशा यों दुख लागत अरिन है ॥ आठौ पहरन कराहत ही वितावत शकुन्तला की सुधि हिये सालति कठिन है । कैहूं दिन बीतत तो बीतत न राति अरु राति कहुँ बीतति तो बीतत न दिन है ॥

चौपाई ।

राजा को यों देखि उदासी ।
सिगरे दुखित नगर के बासी ॥

घनाक्षरी ।

गाइबो बजाइबो सबनि बिसराय डार्यो छोहरनि खिलन को खेलिबो भुलाइगो । सब पुरबासी महा रहत उदासीन खोज हँासी को सबनि के मुखनि तें हिरायगो ॥ नारि औ पुरुष मिलि सबही बिसारो सुख सिगरे नगर में निरोहो दुख छाय गो । सब ही के सुख को दिवैया महिपाल सो शकुन्तला के शोच के समुद्र में सिराय गो ॥

घनाक्षरी ।

बिरही दुष्यन्त महाराज जू के राज को अमल न कहूं निर्मल निहारियत है । कहत निवाज कहूं पावत न कुंहूं-कन कोकिल बागन तें उड़ाई मारियत है ॥ बिकत न बजार में न केसरी गुलाब और चोंर के रंगीले बसनन फारियत है । फूलन न पावत द्रुमन में बनाय कूल काचीं कलीं गहि गहि तोरि डारियत है ॥

चौपाई ।

नित पियरात जात ज्यों रोगी ।
मन मारें नृप रहत बियोगी ॥
बारहिं बार गरो भरि आवत ।
लोचन असुअन की झर लावत ॥

राज काज तें चित्त सकेलो ।
बैठो रहत इकान्त अकेलो ॥
सूनो सो सिगरो जग लेखत ।
धरै ध्यान भावहि तिहि देखत ॥

दोहा ।

निहचल करि चित लाय मन मूँदि लए युग नैन ।
देखि ध्यान में भावतिहिँ कहन लगो नृप बैन ॥

चौपाई ।

मन तें दूरि करो निठुराई ।
परगट ह्वै अब देहु दिखाई ॥
कहा करौं तब सुधि नहिं आई ।
जैसी करी सो तैसो पाई ॥
विरह बिथा सो अब जिन मारो ।
छमो एक अपराध हमारो ॥
ज्यों हम त्यों हम सों हुइ आई ।
तुम अपनो मति तजो बड़ाई ॥
छोड़हु कोप दया मन ल्यावहु ।
होहु जिते तित तें कढ़ि आवहु ॥
इतनो कहत मूरछा आई ।
फैलि गई मुख में पियराई ॥
तन में निकसि पसीना आयो ।
डोलत अब कछु हाथ न पायो ॥

दौरि चतुरिया दासी आई।
मुख पर आनि बयारि डुलाई॥
देखि चतुरिका रोवन लागी।
तब कछु नृपहिँ मूरछा जागी॥

दोहा।

देखि चतुरिकै सांस लै उठो नृपति यों बोलि।
जागि उठो मनि मूरछा दीन्हे दृग तब खोलि॥

चौपाई।

तैं बिनु काजहि कों दूत आई।
महा मूरछा आनि जगाई॥
घरिक मूरछा मैं कल पाई।
फिरि मोकों तैं सुरति दिवाई॥
दुख की खानि नृपति यों खोली।
चतुर चतुरिका दासी बोली॥

दोहा।

महाराज अचरज बड़ो सर्व गुणनि की खानि।
शकुन्तला किहिं हरि लई यह कछु परी न जानि॥

चौपाई।

राजा तब वह बात सुनाई।
हुती मैंनका की वह जाई॥

दोहा ।

सहि न सुता को दुख सकी उतरि गगन तें आय।
माय मैंनका लै गई भुव तें वाहिँ उठाय ॥

चौपाई ।

राजा कह्यो साँच तव बानी ।
चतुर चतुरिका फिरि बतरानी ॥

दोहा ।

शकुन्तलहिँ जो लै गई पकरि मैंनका आप ।
महाराज तो हरबरैं ह्वैहै बहुरि मिलाप ॥

चौपाई ।

तब लौं अपनो गिनति न कछु सुख ।
माय सुता को देखति जब दुख ॥
तुम्हे सुरति आई करि पैहै ।
फेरि मेनका ताहिँ मिलैहै ॥
राजा फिरि यह वचन निकारो ।
ऐसो है नहिं भाग हमारो ॥

दोहा ।

हम भुवमंडल इत रहत रही जाय सुरलोक ।
क्यों मिलाप ह्वै सकत अब मिट न हमारो शोक ॥

चौपाई ।

यों कहि नृप मन गह्यो उदासी ।
बोली फेरि चतुरिका दासी ॥

महाराज मैं कहत न झूंठो ।
यह कैसें मिलि गई अंगूठो ॥
कहां गिरी जल में किहिं पाई ।
महाराज के कर फिर आई ॥
चतुर चतुरिका यों समझायो ।
भेद अंगूठो को सुनि पायो ॥
महाराज अति दुख सों पागो ।
कहन अंगूठी सों यों लागो ॥
जग में बड़ो अभागो मैं रो ।
तौहूं बड़ो अभागिन है री ॥
तोहि होति तो पहिरें प्यारो ।
तासो छूटि भई तूं न्यारो ॥
अब पीछ तूं हूं पछतैहै ।
वैसो कहां अंगूली पैहै ।

दोहा ।

सुधि बुधि कछु तन में नहीं मन को कठिन हवाल ।
रहत बावरो सो बकत व्याकुल यों महिपाल ॥
शकुन्तला को मैंनका जब ले गई उठाय ।
तब कश्यप मुनि नाथ के आश्रम राखी जाय ॥
कश्यप के आश्रम रहत बीति गयो कछु काल ।
शकुन्तला के सुत भयो भलो भाग्य सों भाल ॥

चौपाई ।

भरत नाम सुत को ठहरानो ।
कछु दिन में वह भयो सयानो ॥
गंडा बांधि गरें मुनि दीन्हो ।
तिहि गंडा को फल अस कीन्हो ॥

दोहा ।

माइ बाप कों छोड़ि के और छुए जो वाहिँ ।
काटे कालो नाग ह्वै यह गंडा तब ताहिँ ॥
तब कछु दिन में मैंनका कह्यो इन्द्र सों जाय ।
तुम राजा दुष्यन्त कों भेजहु यहां बुलाय ॥
यहां बुलाय बनाइ कै राजहि सुरति दिवाय ।
शकुन्तलहिं गहि बांह तब दीजे फेरि मिलाय ॥
नृपहिं बुलावन हेत तब करो बहुत सम्मान ।
भेज्यो मातलि सारथी सुरपति सहित बिमान ॥

चौपाई ।

राजा बिरहबिथा सों छायो ।
इन्द्र सारथी मातलि आयो ॥
ललित बिमान इन्द्र को लायो ।
मातलि ड्योढ़ी पर तब आयो ॥

दोहा ।

चोबदार नृप सों कही महाराज मघवान ।
भेज्यो मातलि सारथी लायो ललित बिमान ॥

चौपाई ।

सुनतहिँ राजा तुरत बुलायो ।
मातलि महाराज ढिग आयो ॥ ३६ ॥

दोहा ।

मातलि कह्यो सलाम तब पूछन लग्यो नरेस ।
कहो कुशल सों रहत हैं सब के सुखद सुरेस ॥ ३७ ॥

चौपाई ।

कुशल क्षेम मातलि कहि दीन्हो ।
राजा सों फिरि विनती कीन्हो ॥
महाराज ढिग मोहि पठायो ।
यह सँदेस सुरनाथ सिखायो ॥
हम सों दानव करत लराई ।
होहु हमारे आनि सहाई ॥
आनि दानवनि कों दूत मारो ।
बड़ो भरोसो हमें तिहारो ॥
मातलि जबहिं सँदेस सुनायो ।
सुनि महिपाल महा सुख पायो ॥ ३८ ॥

दोहा ।

अम्बर आछे पहरि के कमर बाँधि हथियार ।
राजा अम्बर कों चल्यो हुइ विमान असवार ॥ ३९ ॥

चौपाई।

राजा चढ़ि विमान में आयो।
मातलि गगन विमान चलायो ॥
नृप ह्वै मगन गगन नगिचायो।
तब इक अचल नजरि में आयो ॥ ४० ॥

दोहा।

परसु भुवार अकाश में लीन्हो ललित बहार।
राजा यों पूछन लग्यो है यह कौन पहार ॥ ४१ ॥
मातलि तब कहि यों उठो हेमकुंठ है नाम।
महाराज यह अचल में कश्यप मुनि को धाम ॥४२॥

चौपाई।

कश्यप मुनि कहँ नृप सुनि पायो।
मातलि कों यह बचन सुनायो ॥
रथ यह गिरि के सम्मुख कीजे।
मुनिवर को दरसन करि लीजे ॥
मातलि अचल निकट रथ लायो।
राजा उतरि अचल पै आयो ॥ ४३ ॥

दोहा।

शकुन्तला को सुत तहां देखो जाय नरेस।
बल सों सिंहनि पूत को खैंचत धरि धरि केस ॥ ४४ ॥
संग लगी है तपसिनी तिन की सुनतन बात।
शकुन्तला को सुत गिनत सिंहिनि सुत के दांत ॥ ४५ ॥

चौपाई ।

या विधि बालक कों लखि पायो ।
नृप के मन अद्भुत रस छायो ॥
बालक के सँग चित अनुरागो ।
मन मन नृपति कहन यों लागो ॥

ज्यों अपने सुत को उर लागति ।
याको मोहि मया त्यों लागति ॥

बिन सुत को विधि मोहि बनायो ।
मया लगति लखि पूत परायो ॥

बालहिं बैस बीरता वाको ।
यह अद्भुत सुत है धौं काको ॥

मन में उपज्यो अद्भुत रस अति ।
पूछन लग्यो तापसिन नरपति ॥ ४६ ॥

दोहा ।

बोलि उठीं तब तापसीं कहा कहैं हम हेत ।
याके पापी बाप को नाउं न कोऊ लेत ॥ ४७ ॥

सुलज सुशील पतिव्रता शकुन्तला सी नारि ।
जिहिं बिन कारन-तजि दई घरतें दीन्ह निकारि ॥४८॥
ये बातें सुनि के भयो नृप के मन सन्देह ।
फेरि भेद पूछन लगो राजा करि अति नेह ।

चौपाई ।

याको पिता पाप युत जो है ।
याको माय कहो तुम को है ॥
राजा इहि विधि बातें खोलीं ।
फेरि तापसीं दोऊ बोलीं ॥ ५० ॥

दोहा ।

महा वीर यह बाल की शकुन्तला है माय ।
ताहि मैंनका ता समय ल्याई इहां उठाय ॥ ५१ ॥
यह सुनि कर आनन्द तब मन संदेह मिटाय ।
हाल पाय महिपाल तब लीन्हो सुतहिँ उठाय ॥५२॥
हरवर भरि आयो गरो दृग आँसू बरसाय ।
कहन तापसिन सों लगो राजा यों समुझाय ॥ ५३ ॥

चौपाई ।

जाको तुम मुख नाउं न काढ़ो ।
वह पापी मैं हौं हौं ठाढ़ो ॥
पतिव्रता वह प्रानपियारी ।
मैं पापी बिन हेत निकारी ॥
प्रानपियारी मोहि दिखावो ।
मेरी अइबो जाय सुनावो ॥
बालक गरें जो गंडा राजै ।
सु ह्वै सांपु न हि काटतु राजै ॥

यह तापसिन भेद मन आनो ।

सांचो करि दुष्यन्तहि जानो ॥ ५४ ॥

दोहा ।

दौरि गईं तब तापसिन यह सब भेद बताय ।

आपुन शकुन्तलाहि कों ल्याईं जाय लिवाय ॥ ५५ ॥

मुख मैले मैले बसन फैले मैले केस ।

आई पियके पास तब शकुन्तला यह भेस ॥ ५६ ॥

देखत भरि आयो गरो दृगन रह्यो जल छाय ।

पिय ढिग ठाढ़ी ह्वै रही शकुन्तला शिर नाय ॥ ५७ ॥

चौपाई ।

राजहिँ और न कछु कहि आयो ।

शकुन्तला के पग शिर नायो ॥ ५८ ॥

दोहा ।

पाप लगावत क्यों हमें परसि हमारे पांय ।

यों कहि सुसकि शकुन्तला राजहिँ लियो उठाय ॥५९॥

चौपाई ।

शकुन्तला फिरि बात चलाई ।

क्यों तब मेरी सुधि बिसराई ॥

महाराज अब क्यों सुधि आई ।

राजा तब यह बात सुनाई ॥

यह मैं जबै अंगूठी पाई ।

याहि लखतहीं सब सुधि आई ॥ ६० ॥

दोहा ।

जा दिन तें आई सुरति ता दिन तें यह हाल ।
निश दिन क्रंदत हो रह्यो जियन भयो जंजाल ॥६१॥

चौपाई ।

अब कछु गिनो न दोष हमारो ।
कठिन पाछिलो दुःख बिसारो ॥ ६२ ॥

दोहा ।

ये सुनि बचन शकुन्तला बोली करि अनुराग ।
महाराज को दोष कह बुरो हमारो भाग ॥ ६३ ॥

चौपाई ।

नख सिख नृपति सुखनि सों छायो ।
सुनि मुनि कश्यप नृपहिँ बुलायो ॥ ६४ ॥

दोहा ।

तन में नही समात यों, मन में बड़ो हुलास ।
शकुन्तला अरु सुत सहित आयो नृप मुनि पास ॥६५॥

चौपाई ।

राजा लखि प्रणाम तब कीन्हो ।
आशिर्बाद महामुनि दीन्हो ॥
अपने ढिग मुनि नृपहिँ बुलायो ।
कुशल पूछि सादर बैठायो ॥ ६६ ॥

दोहा।

शकुन्तला की ओर लखि अरु लखि सुत अवदात।
इहि विधि तव महिपाल सों कह्यो महामुनि बात ॥६७

शकुन्तला है कुलवधू यह सुत है शुभ योग।
राज वंश के रतन तुम भलो बनो संयोग ॥ ६८ ॥

चौपाई।

मुनिवर यह शुभ बात सुनाई।
राजा यह फिरि बात चलाई ॥
मुनिवर कह्यौ दया मन ल्यावहु।
मोरे मन को भर्म मिटावहु ॥
तुम त्रिकाल की जानत बातें।
मैं तुम कों यह पूछत तातें ॥ ६९ ॥

दोहा।

कियो गंधरव व्याह मैं याके सँग करि प्रीति।
फिरि मोकों सुधि ना रही अद्भुत है यह रीति ॥७०॥

चौपाई।

पीछे यह घर बैठे आई।
मेरे घर मैं रहन न पाई ॥
पहिलें मैं क्यों सुधि बिसराई।
लखत अँगूठी क्यों सुधि आई ॥
भयो अचंभो यों चित माहीं।

मोकों जानि परत कछु नाहीं ।
राजा इहि विधि बचन सुनायो ।
मुनिवर हँसि राजहिँ समुझायो ॥ ७१ ॥

दोहा ।

शकुन्तला कों मेंनका ल्याई जबै उठाय ।
तबहीं यह धरि ध्यान मैं जानो भेद बनाय ॥ ७२ ॥
दीन्हो स्राप शकुन्तलहिँ दुर्वासा करि रोष ।
तातें तुम बेसुध भये तुम्हें कछू नहि दोष ॥

चौपाई ।

सो सराप सखियन सुनि पायो ।
शकुन्तला कों नाहिँ सुनायो ॥
जब सखियन परि पैर मनायो ।
तब मुनि कछुक दया उर लायो ॥
मुनि यह कह्यौ नृपहिं सुधि ऐहै ।
जब निज लखन अंगूठो पैहै ॥
यह कहि मुनि टरि गो दुखदाई ।
सो यह बात सांच ठहराई ॥
पहले तुम सब सुधि बिसराई ।
लखत अंगूठो सब सुधि आई ॥
याको दुख कछु मन नहिं आनो ।
मेरो कह्यो उचित करि जानो ॥

इन्द्र तुम्हें यहि हेत बुलायो ।
शकुन्तला सों चहत मिलायो ॥ ७४ ॥

दोहा—शकुन्तला अरु सुत सहित सब को लियो समाज ।
करो जाय घर जग्य अब महाराज तुम राज ॥ ७५ ॥

चौपाई—इन्द्रदूत सों कहाय पठावा ।
मैं तुम को यहि हेतु बुलावा ॥
काजो तुम से भयो हमारो ।
तुम अब अपने घरहिं सिधारो । ७६ ॥

दोहा—यों पुनि बैठि विमान में मुनि कों कियो प्रणाम ।
शकुन्तला सुत सहित नृप आयो अपने धाम ॥ ७७ ॥

चौपाई—इहि विधि भाग्य भाल मे जागो ।
राजा राज करन फिर लागो ॥
नृप के सुख सब रैयति राजी ।
घर घर पुर में नौबति बाजी ॥
शकुन्तला तब भइ पटरानी ।
यह इतनी ह्वै चुकी कहानी ॥ ७८ ॥

इति श्रीशकुन्तलानाटककथायां चतुर्थोऽङ्कः सम्पूर्णम् ।

दोहा ।

जो देखा सोई लिखा मोर दोष जिनि देव ।
मात्रा अच्छर दोहरा बुध बिचार करि लेव ॥